# मुबारक हो तुमको जन्मदिन तुम्हारा

ये आनन्द बगिया महकती रहे
यूँ ही कृपा लक्ष्मी माँ की बरसती रहे।
तेरे सपने यूँ साकार होते रहें
यह सलोना सा मुखड़ा चमकता रहे।
मुबारक मुबारक जन्मदिन मुबारक।

मुबारक हो तुमको जन्मदिन तुम्हारा
दुआ करता ब्लीस का यह परिवार सारा।
हर सपने को साकार करके दिखाया
ब्लीस के मसीहा का यह ताज पाया।
विदेशों तक चमका सितारा चका--चक
मुबारक मुबारक जन्मदिन मुबारक।

समस्याओं का जब भी घेरा अंधेरा
उजाला दिखाया प्रखर रूप तेरा।
कड़ी से कड़ी जोड़ जंजीर लाई
बढ़ती गई उसकी लम्बाई ।
चंचल चितेरा हुआ सच्चा साधक
मुबारक मुबारक जन्मदिन मुबारक।

यही आरजू है रहे छत्र छाया
माँ लक्ष्मी रहे करती अपनी दाया।
यह आनन्द उपवन प्रचुर पुष्प साजे
समय चक्र रूक जाये पल भर अचानक।
मुबारक मुबारक जन्मदिन मुबारक।

राम सिंगार